**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**(स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)**

**केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.), नई दिल्ली, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी.) में संयुक्त निदेशक के पद के लिए विज्ञापन**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी.), नई दिल्ली की एक घटक इकाई, केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) के संयुक्त निदेशक के पद के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन / नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं जिसका वेतनमान रुपए 1,44,200-2,18,200/- (अकादमिक स्तर -14) (37,400 रुपए से 67,000/- रुपए (पीबी-4) पूर्व-संशोधित वेतन बैंड के साथ शैक्षणिक ग्रेड वेतन रुपए 10,000/-) है । संयुक्त निदेशक, सी.आई.ई.टी., नई दिल्ली को एन.सी.ई.आर.टी. के समग्र मानकों के अंदर काम करना होता है। उनके कर्तव्यों में अनुसंधान, पाठ्यचर्या विकास और प्रशिक्षण सहित शैक्षिक प्रौद्योगिकी और मास मीडिया से संबंधित सभी आयामों का उपक्रम, मार्गदर्शन और समन्वय शामिल है। स्कूल स्तर पर शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सी.आई.ई.टी. को एक राष्ट्रीय संसाधन संस्थान के रूप में विकसित करने में सक्षम बनाने के लिए, संयुक्त निदेशक से भी निम्नलिखित पर ध्यान देने की अपेक्षा की जाती है :

(क) टीवी और रेडियो हेतु शैक्षिक कार्यक्रम का निर्माण और विभिन्न सरकारी एजेंसियों के माध्यम से उनका प्रसारण,

(ख) सी.आई.ई.टी. और राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (एस.आई.ई.टी.) में कार्मिकों का प्रशिक्षण,

(ग) राज्यों में शैक्षिक प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों के मूल्यांकन का कार्य करना।

यह नियुक्ति पांच वर्ष तक की अवधि या प्रत्याशी की 65 वर्ष की आयु तक या उसके मूल संगठन में उसकी सेवानिवृत्ति की आयु तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए कार्यकाल के आधार पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण या अल्पकालिक संविदा द्वारा की जाएगी [यदि किसी व्यक्ति को, जिसकी सेवानिवृत्ति की आयु उसके मूल संगठन में 65 वर्ष से कम है, संयुक्त निदेशक, सी.आई.ई.टी. के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो वह अपने मूल संगठन में निर्धारित अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा।] चयन एक खोज-सह-चयन समिति की सिफारिश पर केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा।

**पात्रता :**

**(क) अनिवार्य :**

i. व्यावसायिक/तकनीकी समन्वय और पर्यवेक्षण कार्य या अकादमिक प्रशासन के कुछ अनुभव के साथ प्रोफेसर के ग्रेड में 5 वर्ष का अनुभव या समकक्ष।

ii. शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यक्रम को संभालने का अनुभव।

**(ख) वांछनीय :**

i. उच्च गुणवत्ता के प्रकाशित कार्य के साथ प्रख्यात विद्वान।

2. पद के लिए आवेदन करने हेतु अधिकतम आयु सीमा :

i. यदि मूल संगठन में आवेदक की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है तो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को उसकी आयु 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

ii. यदि मूल संगठन में आवेदक की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है तो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को उसकी आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

3. संलग्न प्रपत्र में विधिवत तैयार और ए4 आकार के कागज पर मुद्रित आवेदन/नामांकन सुश्री अनु जैन, संयुक्त निदेशक, शिक्षा मंत्रालय, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, कमरा नंबर - 100, डी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110 001 के पास **उचित माध्यम से** रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अंदर पहुंचने चाहिए। आवेदक/नामांकन अग्रेषित करते समय संबंधित व्यक्ति के मूल संगठन में निर्धारित प्राधिकारी द्वारा यह प्रमाणित किया जा सकता है कि आवेदक द्वारा प्रपत्र में दिए गए विवरण सही हैं और आवेदक के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक मामला न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है। **उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने वाले या निर्धारित प्रोफार्मा में नहीं होने वाले या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले या किसी भी तरह से कम पाए जाने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**अनुलग्नक**

**प्रपत्र**

**संयुक्त निदेशक, सी.आई.ई.टी., नई दिल्ली के पद के लिए आवेदन**

| |
|---|
| हाल में ली गई फोटोग्राफ |

1. नाम (बड़े अक्षर में नाम) :
2. पिता/पति का नाम :
3. जन्म तिथि :
4. मूल संगठन में अधिवर्षिता की आयु :
5. मूल संगठन में अधिवर्षिता की तिथि :
6. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को आयु :
7. पुरुष / महिला :
8. राष्ट्रीयता:
9. स्थायी पता (बड़े अक्षरों में) :
10. वर्तमान पता (बड़े अक्षरों में):
11. (i) टेलीफोन नंबर :

    (ii) मोबाइल नं. :

    (iii) ई-मेल आईडी :
12. वर्तमान धारित पद (पदनाम) और वर्तमान कार्यालय का पता टेलीफोन नं. (बड़े अक्षरों में)
13. शैक्षिक योग्यता (स्नातक की डिग्री के बाद) :

| उत्तीर्ण परीक्षा | विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय क्षेत्र | अंक / ग्रेड का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

14. धारित पदों का विवरण (वर्तमान पद से प्रारंभ करते हुए घटते क्रम में)

| **कार्यालय/संस्था का नाम** | **धारण पद** | **से** | **तक** | **वेतनमान** | **चाहे नियमित हो या अस्थायी** | **कर्तव्यों का प्रकार** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15. प्रोफेसर ग्रेड या समकक्ष में 05 वर्ष के अनुभव का विवरण :

16. व्यावसायिक/तकनीकी/समन्वय और पर्यवेक्षण कार्य या शैक्षणिक प्रशासन में अनुभव का विवरण :

17. शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुभव का विवरण जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में सूचना/ संचार/ प्रौद्योगिकी के प्रयोग शामिल हैं :

18. प्रकाशनों का विवरण:

19. कोई अन्य संगत जानकारी (ऊपर शामिल नहीं) जिसे प्रत्याशी प्रस्तुत करना चाहता है :

मैं, इसके द्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं यह भी घोषणा करता हूं और पूरी तरह से समझता हूं कि किसी भी स्तर पर किसी भी जानकारी के असत्य या गलत पाए जाने की स्थिति में, मेरा आवेदन/उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर पूरी तरह रद्द कर दी जाएगी और यदि मैं पहले से ही नियुक्त हो गया हूं तो मेरी सेवा किसी सूचना के बिना समाप्त की जा सकती है।

स्थान :

तिथि :

(प्रत्याशी के हस्ताक्षर)

नामांकन प्राधिकारी की टिप्पणियां/सिफारिशें :

अग्रेषित। ऊपर दी गई जानकारी की संबंधित रिकॉर्ड से जांच की गई है और इन्हें सही पाया गया है। **यह भी प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरुद्ध न तो कोई अनुशासनात्मक मामला लंबित है और न ही उस पर विचार किया जा रहा है।**

(पदनाम और मुहर के साथ अग्रेषित करने वाले/नामांकन करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर)